प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षान्त समारोह 27 नवम्बर 2024 को

पन्तनगर। 25 नवम्बर 2024। पन्तनगर विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षान्त समारोह 27 नवम्बर 2024 को प्रशासनिक भवन स्थित दीक्षांत पण्डाल में आयोजित होगा। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, ले.ज. गुरमीत सिंह होंगे। साथ ही अति विशिष्ठ अतिथि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी; केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा होंगे। इस दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2023–24 तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके स्नातक, स्नातकोत्तर एवं परास्नातकोत्तर के 1172 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। उपाधियों के साथ–साथ वर्ष 2023–24 में कुल 15 कुलपति स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक तथा 7 विद्यार्थियों को अन्य पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जायेंगे। इसके साथ ही एक सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पुरस्कार भी इस दीक्षान्त समारोह में दिये जायेगें।

प्रशासनिक भवन।

निदेशक संचार